तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 जनवरी 2026

10 सुशासन एक्सप्रेस से शासन की योजनाएं ...



12 पर्यटन केंद्र तिरिया में नशा पर प्रतिबंध, पीने पर 5 ...





## खबर संक्षेप

### कर्तव्यनिष्ठा, समर्पित व उत्कृष्ट कार्यशैली के अधिकारी रहे खैरानी



**जगदलपुर।** कर्तव्यनिष्ठा, समर्पित एवं उत्कृष्ट कार्यशैली के अधिकारी रहे और अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन बखूबी निभाया। उक्त बातें कृषि उपज मंडी के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कृषि विपणन (मंडी) बोर्ड बस्तर संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक एवं निर्माण शाखा के कार्यपालन अभियंता आईए खैरानी के सेवानिवृत्त पर विदाई समारोह में कही। इस दौरान श्री खैरानी ने कहा कि सेवाकाल में सेवानिवृत्त होना एक स्वभाविक है। मंडी बोर्ड में जहां कार्य रहे वहां के लोगों ने प्यार दिया। कार्यकाल में तालमेल बनाकर काम करने का काम किया है। विदाई समारोह में मंडी बोर्ड एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारी एवं कर्मचारी रहे।

### सामान्य सभा 8 को अधिकारी स्वयं आएंगे प्रतिनिधि नहीं

**जगदलपुर।** जिला पंचायत की सामान्य सभा 8 जनवरी को आयोजित की जाएगी। दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विभागीय जानकारी के साथ यथासमय स्वयं उपस्थित होना होगा और किसी भी स्थिति में उनके प्रतिनिधि मान्य नहीं होंगे। बैठक के लिए पूर्व में निर्धारित एजेंडा यथावत रहेगा और उसी के अनुरूप चर्चा की जाएगी।

### सेवानिवृत्ति पर वित्त अधिकारी को दी विदाई

**जगदलपुर।** शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में वर्ष के अंतिम कार्यदिवस पर एक आत्मीय और भावनात्मक वातावरण देखने को मिला,जब लंबे समय तक विश्वविद्यालय एवं शासन को अपनी सेवाएं देने वाले वित्त अधिकारी श्रीनिवास रथ सेवानिवृत्त हुए। चार दशक से अधिक के सेवाकाल में उन्होंने राज्य वित्त सेवा के अधिकारी के रूप में विभिन्न शासकीय संस्थानों में वित्तीय सेवानिवृत्त रथ अनुशासन,पारदर्शिता और जिम्मेदारी का उदाहरण प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय में उनके कार्यकाल को प्रशासनिक मजबूती और सुव्यवस्थित वित्तीय प्रबंधन के लिए याद किया जाएगा। बुधवार शाम विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में आयोजित विदाई समारोह में रथ को अधिकारी-कर्मचारियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। वक्ताओं ने उनके कर्तव्यनिष्ठ,ईमानदार और समयबद्ध कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने सदैव संतुलित निर्णय लिए। सहयोगी कर्मचारियों ने साझा किया कि उनके मार्गदर्शन में कार्य करना सीखने का अवसर रहा,जिससे पेशेवर और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर लाभ मिला।

# जिले में 6.25 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी

## 1.48 लाख करोड़ से ज्यादा का भुगतान, 2.70 लाख किसान पंजीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बस्तर संभाग में धान खरीदी ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। 31 दिसंबर 2025 तक जिलेवार जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार संभाग के सात जिलों में संचालित 382 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से बड़े पैमाने पर धान की खरीदी की गई है। अब तक कुल 2 लाख 70 हजार 764 किसान पंजीकृत हुए हैं,जिनमें से 1 लाख 5 हजार 892 किसानों ने धान विक्रय किया है। आंकड़ों के मुताबिक कुल 6 लाख 25 हजार 807.64 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। इसके बदले किसानों को 1 लाख 48 हजार 258.81 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही ऋण वसूली के तहत 39 हजार 686.39 लाख रुपये की वसूली भी दर्ज की गई है। धान खरीदी की इस व्यापक प्रक्रिया से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ ही किसानों की आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है। जिलेवार स्थिति पर नजर डालें तो कांकेर जिला खरीदी के मामले में अग्रणी रहा, जहां सबसे अधिक उपार्जन केंद्रों के माध्यम से रिकॉर्ड मात्रा में धान खरीदा गया। वहीं बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, नारायणपुर और सुकमा जिलों में भी खरीदी कार्य सुचारू रूप से संचालित हुआ। प्रशासनिक स्तर पर बारदाना,टोकन व्यवस्था और भुगतान प्रक्रिया को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है,जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### अब तक इतना धान खरीदा गया

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बस्तर संभाग के 7 जिलों में कुल 382 धान उपार्जन केंद्र संचालित किए गए। इन केंद्रों पर 2,70,764 किसानों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 1,05,892 किसानों ने धान विक्रय किया। कुल 6,25,807.64 मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई, जिसके बदले 1,48,258.81 लाख रुपये का भुगतान किया गया। ऋण वसूली के अंतर्गत 39,686.39 लाख रुपये की वसूली दर्ज की गई। टोकन व्यवस्था के तहत 2,22,029 टोकन जारी किए गए,जिनमें से 1,15,559 टोकन से धान खरीदी की प्रक्रिया पूरी की गई। शेष धान उपार्जन एवं भुगतान की प्रक्रिया निरंतर जारी है।



## पुनरीक्षण : 21 फरवरी को होगा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

# एसआईआर के अंतर्गत 14 फरवरी तक होगी सुनवाई एवं दस्तावेजों का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इस क्रम में जिले की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर को कर दिया गया है। दावा एवं आपत्ति की अवधि 23 दिसंबर से 22 जनवरी तक निर्धारित है। इस अवधि में ऐसे मतदाता जिनका एसआईआर की गणना चरण के दौरान प्राप्त गणना पत्र में वर्ष 2003 की एसआईआर मतदाता सूची से मिलान नहीं हो पाया है अथवा अंतर पाया गया है। उनके संबंध में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नियमानुसार नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नोटिस प्राप्त होने पर संबंधित मतदाता अपने विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ या एईआरओ के समक्ष भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मान्य निर्धारित 13 दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। नियमानुसार सुनवाई तथा प्रस्तुत दस्तावेज का परीक्षण कर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदाता सूची में नाम जोड़ने



या ना जोड़ने का निर्णय लिया जाएगा।

जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र जगदलपुर, बस्तर और चित्रकोट में नोमैपिंग वाले मतदाताओं की संख्या 17 हजार 93 है, जिसमें से निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 31 दिसंबर 2025 सभी के लिए नोटिस जनरेट किए जा चुके हैं। नोटिस जारी होने वाले सभी मतदाताओं को निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर अनिवार्य रूप से सुनवाई हेतु उपस्थित होना होगा। इसी क्रम में इस अवधि में ऐसे मतदाता जिन्होंने अपना गणना पत्र नहीं भरा था या किसी अन्य कारणों से उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में नहीं आ पाया हो, वे अपना नाम जोड़ने के लिए आवश्यक दस्तावेज संलग्न करते हुए घोषणा पत्र सहित प्रारूप 6 में अपना आवेदन ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा कर सकते हैं। साथ ही मतदाता सूची में दर्ज अपने विवरण में किसी भी प्रकार के संशोधन के लिए घोषणा पत्र सहित प्रारूप 8 में आवेदन कर सकते हैं। प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किसी नाम के सम्बंध में आपत्ति प्रस्तुत करने या नाम विलोपन हेतु घोषणा पत्र सहित प्रारूप 7 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### दावा आपत्तियों पर सुनवाई

प्राप्त दावों एवं आपत्तियों पर संबंधित विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा 14 फरवरी तक सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा। सुनवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात पात्र पाए गए दावों एवं आपत्तियों का विधिवत निराकरण कर 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

### राजनीतिक दलों से मांगा सहयोग

विधानसभा क्षेत्र स्तर पर प्राप्त दावा एवं आपत्ति की सूची ईसीआई के निदेर्शानुसार मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ साझा की जा रही है। कलेक्टर हरिस एस ने राजनीतिक दलों से अपील की है कि साप्ताहिक रूप से प्राप्त दावा एवं आपत्ति की सूची का अवलोकन कर सभी पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने तथा अपात्र मतदाताओं के नाम विलोपित करा सकेंगे।

# टावर लाइन का तार टूटने से सुकमा में डेढ़ घंटे बंद रही बिजली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा जिले के कुआकोंडा ब्लॉक अंतर्गत टॉवर लादन का तार गुरूवार की दोपहर लगभग 2 बजे टूटने से सुकमा जिले के सुकमा जिला मुख्यालय एवं छिंदगढ़ ब्लॉक अंधेरा में हो गया। इससे उपभोक्ताओं परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसकी सूचना मिलने पर विद्युत कंपनी ने दोपहर लगभग 3.30 बजे से दोरनापाल स्थित 132 उपकेन्द्र से जोड़कर सुकमा जिला मुख्यालय एवं छिंदगढ़ ब्लॉक की बिजली लाइन शुरू किया गया। इस मामले में सुकमा के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बताया कि सुकमा एवं छिंदगढ़ की बिजली शुरू हो गई और कंपनी की ओर से तार को सुधारा जा रहा है, जो शीघ्र ही बहाल हो जाएगी। यह टॉवर बारसूर से जुड़ा है।

# नए साल पर मां दंतेश्वरी के दरबार में लगी भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- मंदिरों में सुबह से लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

नव वर्ष के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां दंतेश्वरी देवी मंदिर पहुंच रहे हैं। सुबह 5 बजे से ही बस्तर के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मां दुर्गा के 52 शक्तिपीठों में से एक मां दंतेश्वरी मंदिर और जगदलपुर के दंतेश्वरी मंदिर में हजारों की संख्या में भक्तजन सुबह से ही दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंदिरों के साथ-साथ बस्तर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में भी पर्यटकों की भीड़ देखी जा रही है। सुबह 10 बजे तक हजारों श्रद्धालुओं ने मां दंतेश्वरी के दर्शन किए। इधर भीड़ को देखते हुए पुलिस के जवानों की तैनाती करने के साथ ही टेंपल





कमेटी ने भी बड़ी संख्या में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। नए साल का स्वागत हर कोई अपने तरीके से करने की तैयारियों में जुटा है। बस्तर के ज्यादातर लोग नए साल के आने से पहले मां दंतेश्वरी के दरबार में माथा टेकने पहुंचते हैं। इस साल भी बड़ी संख्या में भक्त बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शनों के लिए दंतेवाड़ा पहुंचने लगे हैं। मंदिर के पुजारी ने कहा कि हर दिन सैकड़ों की संख्या में भक्त आ रहे हैं। भक्त आने वाले साल में सुख, समृद्धि की कामना लेकर मां की पूजा अर्चना कर रहे हैं। स्थानीय भक्तों के अलावा दूसरे राज्यों से भी भक्तों के आने का सिलसिला जारी है।

# रिटायरमेंट के बाद एलबी संवर्ग के शिक्षक पेंशन से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- संविलियन की विसंगतियों ने 20 साल की सेवा को किया शून्य
- नियमों के पेंच में फंसे हजारों शिक्षक,परिजन संकट में

एलबी संवर्ग के शिक्षक सेवानिवृत्ति के बाद सम्मानजनक जीवन के बजाय आर्थिक तंगी से जूझने को मजबूर हैं। शासन-प्रशासन की जटिल प्रक्रियाओं और विसंगतिपूर्ण नीतियों ने वर्षों की सेवा को व्यर्थ बना दिया है। संविलियन के दौरान पूर्व की 20 वर्षों तक की सेवा अवधि को शून्य मान लिए जाने से बड़ी संख्या में शिक्षक पेंशन के अधिकार से बाहर हो गए हैं।

छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के नियमों के अनुसार पूर्ण पेंशन के लिए 33 वर्ष की सेवा तथा न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा पर अनुपातिक पेंशन का प्रावधान है। लेकिन 1 जुलाई 2018 से सेवा गणना किए जाने के कारण 2018 से पहले नियुक्त कई शिक्षक न्यूनतम पात्रता भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। परिणामस्वरूप सेवानिवृत्ति के बाद शिक्षकों और उनके परिजनों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

विशेष रूप से 1998 से नियुक्त शिक्षकों के लिए पेंशन अब केवल एक सपना बनकर रह गई है। नियमों की अस्पष्टता और विभागीय उदासीनता के चलते वर्षों से सेवा देने वाले शिक्षक सामाजिक सुरक्षा से वंचित हो रहे हैं। यह मुद्दा छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष (बस्तर) के रूप में एलबी संवर्ग के शिक्षकों की ओर से उठाया गया,जिसमें संविलियन नीति पर गंभीर आपत्ति दर्ज की गई।

### टीचर्स एसोसिएशन की प्रमुख मांगें

*प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि की गणना सुनिश्चित की जाए। पेंशन नियम 1976 के तहत समस्त शिक्षाकर्मियों की सेवा को मान्यता दी जाए। पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू कर सेवानिवृत्ति पर अंतिम मूल वेतन का 50 प्रतिशत आजीवन पेंशन देने का प्रावधान किया जाए। शासन द्वारा जारी आदेशों को पूर्ण रूप से लागू कर शिक्षकों को पेंशन सुरक्षा प्रदान की जाए। लुदरसन कश्यप,संजय शर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव, शिवसिंह चंदेल,राजेश गुप्ता,ताहिर शेख,अमित पाल,मनीष ठाकुर, फूलदास नागेश,तुलादास मानिकपुरी,नीलमणी साहू व अन्य सम्मलित है।*

## कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के तीन दिवसीय आंदोलन को मिला पेंशनरों का समर्थन

# गारंटी पूरा करने के लिए पेंशनर्स महासंघ उतरा आंदोलन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- चुनावी वादों के अनुरूप लंबित मांगों के शीघ्र निराकरण की उठी आवाज

छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर आयोजित तीन दिवसीय प्रदेशव्यापी आंदोलन के अंतिम दिन आंदोलन को व्यापक समर्थन मिला। इसी कड़ी में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, बस्तर संभाग के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में आंदोलन स्थल पर पहुंचे और फेडरेशन की मांगों को न्यायोचित बताते हुए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

पेंशनर्स महासंघ की सहभागिता से आंदोलन को नई मजबूती मिली। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी और पेंशनर दोनों ही शासन की नीतियों से सीधे प्रभावित होते हैं, ऐसे में साझा समस्याओं के समाधान के लिए एकजुटता आवश्यक है। आंदोलन के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए चुनावी वादों, विशेषकर "मोदी की गारंटी" के तहत कर्मचारियों-पेंशनरों से जुड़ी घोषणाओं को शीघ्र लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्पष्ट कहा कि फेडरेशन की मांगें किसी विशेष वर्ग तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इससे प्रदेश के लाखों सेवारत कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनरों का भविष्य जुड़ा हुआ है। सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करना चाहिए, ताकि कर्मचारियों और पेंशनरों को बार-बार आंदोलन का रास्ता न अपनाना पड़े।

सभा में संगठन की ओर से आंदोलन का नेतृत्व करते हुए वरिष्ठ साथी अब्दुल सत्तार



खान ने संबोधन दिया। कार्यक्रम में किशोर कुमार जाधव, रमापति दुबे,एसडी माझी,पीएस ठाकुर, एसपी ठाकुर,एमडी राठौर,सुरेश दलाई एवं अशोक रावत उपस्थित रहे। वहीं दंतेवाड़ा से रूप कुमार झाड़ी, मोहम्मद कासिम और नेहरू साहू ने भी सभा को संबोधित किया। संभागीय अध्यक्ष आरएन ताटी ने सरकार से कर्मचारियों एवं पेंशनरों के हित में फेडरेशन की मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील की।

### पेंशनर्स महासंघ का समर्थन क्यों अहम

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आंदोलन को भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ का समर्थन इसलिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इससे आंदोलन को सामाजिक और नैतिक बल मिला है। पेंशनर्स महासंघ ने स्पष्ट किया कि सेवानिवृत्ति के बाद भी कर्मचारी वर्ग की समस्याएं समाप्त नहीं होतीं, बल्कि पेंशन, महंगाई राहत और अन्य सुविधाओं से जुड़े मुद्दे लंबे समय तक प्रभावित करते हैं। ऐसे में फेडरेशन की मांगों का समर्थन करना केवल एकजुटता का प्रतीक नहीं, बल्कि भविष्य की सुरक्षा से भी जुड़ा प्रश्न है। महासंघ ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते "मोदी की गारंटी" के तहत किए गए वादों को लागू नहीं किया, तो आंदोलन और अधिक व्यापक रूप ले सकता है।

# आड़ावाल में होगी स्कूल बसों व चालकों की जांच 9 और 10 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्कूली बच्चों के सुरक्षित सफर को सुनिश्चित करने और उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग विशेष अभियान की शुरूआत करने जा रहा है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने दो दिवसीय जांच शिविर आयोजित करने का फैसला लिया है, जिसमें जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों के वाहनों की पड़ताल की जाएगी।

परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़ द्वारा जारी निर्देशों के तहत यह विशेष शिविर 9 और 10 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। आड़ावाल स्थित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक स्कूल बसों के भौतिक निरीक्षण के साथ जांच की जाएगी। शिविर के दौरान बस ड्राइवरों और कंडक्टरों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। मौके पर ही दस्तावेजों की जांच की जाएगी और परिचालकों को लाइसेंस प्राप्त करने आवश्यक प्रशिक्षण के लिए आवेदन भी जमा कराए जाएंगे। आरटीओ ने पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और नगर सेना के जिला अग्निशमन अधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में इस जांच शिविर के लिए अपने विभाग से प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति करने कहा है। साथ ही विभाग ने सभी स्कूल संचालकों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने वाहनों और स्टाफ के साथ उपस्थित होकर जांच प्रक्रिया को पूरा कराएं।

## खबर संक्षेप

### गुंडाधुर कालेज के शिव कुमार का राज्य स्तरीय क्रिकेट के लिए चयन



**कोण्डागांव**। शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर कालेज के छात्र शिव कुमार का चयन राज्य स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शिव उत्तर बस्तर सेक्टर की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह चयन शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर में आयोजित सेक्टर स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शिव कुमार के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया। आगामी राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 2 जनवरी से 6 जनवरी 2026 तक विप्र महाविद्यालय, रायपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के 11 सेक्टरों की टीमें भाग लेंगी। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एच.आर. यदु ने बताया कि प्राचार्या सरला आत्रम के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से जुलाई माह से ही उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सभी खेलों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी सतत मेहनत का परिणाम है कि विद्यार्थी राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। शिव कुमार के चयन पर महाविद्यालय परिवार के प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने बधाई दी। आशा जताई कि वे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर कोंडागांव और महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित करेंगे।

### बड़ेडोगर में माँ दंतेश्वरी मंदिर समिति की बैठक



**फरसगांव**। देवनगरी ग्राम बड़ेडोंगर के मां दन्तेश्वरी मंदिर में समस्त ग्रामवासीयों की गुरूवार को बैठक की गई। तथा ग्राम के सभी धार्मिक स्थलों में नव वर्ष के अवसर पर पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति हेतु माँ दन्तेश्वरी से आव्हान किया गया। साथ में मां दन्तेश्वरी मंदिर समिति बड़ेडोंगर द्वारा नवनिर्मित काम्प्लेक्स का उद्घाटन भी किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती चन्द्रवती पुजारी, जिला पंचायत सदस्य जयलाल नाग, समिति अध्यक्ष गुलबीर चनाप, सचिव - कोमल कुदराम, उपाध्यक्ष - पण्डीराम सलाम, मंदिर पुजारी देवेन्द्र राना,उपसरपंच सुरेश समरथ,यादुदास मानिकपुरी,शिव कुमार पात्र, जयदेव नाग,केशर पुजारी, अशोक दास, हुकुम सेट्ठी, अशोक तिवारी,अजय मण्डावी,केशव दास, कमलेश पाण्डे,प्रताप सलाम,बिलम नाग,पवन कड़ियाम, अशोक पाण्डे,छबी पुजारी, ललिता राना,ममता मरकाम,सोनसिंह नेताम,नरसु पट्टावी,दुर्गेश्वर निर्मलकर, हेमलता यादव,कुमारी सलाम, रामप्रसाद पाण्डे,व समस्त समिति गण, समस्त पुजारी गण, समस्त गांयता गण,समस्त पंचायत परिवार,व ग्रामवासी उपस्थिति थे।

# फुटकर व्यापारियों ने बनाया मजबूत संगठन, सर्वसम्मति से रोशन अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

जिले के हाट–बाजारों में व्यवसाय करने वाले फुटकर व्यापारियों ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर अपने संगठन का गठन किया। बैठक में जिलेभर से बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से संगठन का नाम ग्रामीण फुटकर मेला बाजार व्यापारी संघ, जिला कोंडागांव रखा गया। संगठन का मुख्य उद्देश्य फुटकर व्यापारियों की समस्याओं का सामूहिक रूप से समाधान करना और उनके हितों की रक्षा करना है। इस नवगठित संगठन में लगभग 341 फुटकर दुकानदार शामिल हुए हैं, जो जिले के विभिन्न हाट–बाजार, मेला एवं मंडई में अपनी दुकानें लगाकर जीवनयापन करते हैं। नवनियुक्त अध्यक्ष रोशन पांडे ने कहा कि फुटकर व्यापारी विभिन्न बाजारों, मेलों और मंडई में दुकान लगाकर अपने परिवार का पालन–पोषण करते हैं, लेकिन कई बार उन्हें प्रशासनिक एवं अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समाधान के लिए संगठित होकर यह संघ बनाया गया है और किसी भी सदस्य व्यापारी को परेशानी होने पर संगठन सदैव उसके साथ खड़ा रहेगा।

## शहर में हाट–बाजार व्यापारियों की अहम बैठक

### कार्यकारिणी का गठन

संगठन के सुचारु संचालन के लिए कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष रोशन पांडे, संरक्षक रितेश पटेल, नीलकंठ शार्दुल, उपाध्यक्ष छबि मरकाम, सुखलाल मंडावी, सचिव चंद्रशेखर साहू, सहसचिव बिसनाथ पांडे, कोषाध्यक्ष कपूर नाग, मीडिया प्रभारी वीरेंद्र भारद्वाज।



### ये होंगे सदस्य

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कुमेश्वर वैध, सुनील कोर्राम, परउ नेताम, गोलू दीवान, बुधमन, रवि नेताम, किशोर साहू, मनसु निषाद, मनेश्वर भारद्वाज, अनिल सोरी, अजमल अंसारी एवं गजेंद्र पांडे को शामिल किया गया है।

## शुभारंभ : सुशासन एक्सप्रेस पहुंचेगी आपके गांव- आपके द्वार

# सुशासन एक्सप्रेस से शासन की योजनाएं पहुंचेंगी जिले के अंतिम गांव तकः नम्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिला प्रशासन ने राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी रूप से पहुँचाने एवं ग्रामीणों के आवश्यक दस्तावेज बनाये जाने के उद्देश्य से जिले में "सुशासन एक्सप्रेस" वाहन का शुभारंभ आज किया गया। लघु वनोपज सहकारिता संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया।

सुशासन एक्सप्रेस वाहन में आधार कार्ड, जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, वोटर आई.डी., बैंक खाता, उज्वला कार्ड सहित विभिन्न आवश्यक दस्तावेज बनाए जाने के लिए वाईफाई की सुविधा सहित आधार ऑपरेटर, स्व सहायता समूह की सक्रीय महिलाएं, सचिव, पटवारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं नोडल अधिकारी के रूप में एसडीएम उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता जैन ने कहा कि



शासन की योजनाएँ तभी सार्थक होगी, जब उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचेगा। इसी सोच के साथ सुशासन एक्सप्रेस को एक चलित जन-जागरूकता वाहन के रूप में तैयार किया गया है, जो गाँव-गाँव जाकर लोगों को उनके अधिकारों और योजनाओं से लाभान्वित करेगा।

सुशासन एक्सप्रेस द्वारा, ग्राम स्तर पर चौपाल, हाट-बाज़ार एवं सार्वजनिक स्थलों पर रुककर लोगों से संवाद स्थापित किया जाएगा। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे सुशासन एक्सप्रेस से प्राप्त होने वाली सुविधाओं का लाभ प्राप्त करें । उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य पारदर्शिता, सहभागिता और विश्वास के साथ सुशासन को जमीनी स्तर तक मजबूत करते हुए जिले के नागरिकों को इसका लाभ पहुंचाना है।

### ये रहे उपस्थित

*इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मण्डावी, नगरपालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, जनपद अध्यक्ष ओरछा नरेश कोर्राम, नारायणपुर पिंकी उसेण्डी, पार्षदगण, जिला एवं जनपद पंचायत सदस्य, अपर कलेक्टर बिरेन्द्र बहादुर पंचभाई, एसडीएम अभयजीत मण्डावी, डॉ. सुमित गर्ग, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजेन्द्र सिंह, दीपक हिरवानी, वरिष्ठ निज सहायक सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारगण मौजूद थे।*

# सामुदायिक भवन व टिन शेड का लोकार्पण, सीसी रोड निर्माण का टेकाम ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ ब्लाक में 45 लाख से होंगे विकास कार्य

ब्लॉक अंतर्गत ग्राम चिचाड़ी सोढ़ापारा एवं परेबानगांव में विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केशकाल विधानसभा के विधायक नीलकंठ टेकाम के करकमलों से ग्राम चिचाड़ी सोढ़ापारा में सामुदायिक भवन, टीन शेड निर्माण का लोकार्पण किया। ग्राम परेबानगांव के देवगुढ़ी में टिन शेड निर्माण एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन संपन्न हुआ। 45 लाख से अधिक की लागत से किए जा रहे इन निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को सामुदायिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। क्षेत्र में आवागमन और बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी। यह पहल ग्रामीण विकास, जनसुविधा और क्षेत्रीय प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । इस दौरान जनपद सदस्य लीलावती नेताम, फरसगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# गुरु घासीदास जंयती पर जैतखाम में पूजा-अर्चना कर फहराया श्वेत ध्वज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का संदेश

■ डॉ. अंबेडकर वार्ड में 1 से 31 दिसंबर तक हर्षोल्लास से मना

सतनाम धर्म के प्रवर्तक गुरु घासीदास बाबा की जयंती के अवसर पर शहर के डॉ. अंबेडकर वार्ड में 1 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक गुरु पर्व का आयोजन हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ किया गया। पूरे माह चले आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता को सुदृढ़ करना रहा। गुरु पर्व के दौरान प्रतिदिन सुबह–शाम गुरु पूजा, सत्संग एवं सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयंती के मुख्य दिवस पर जैतखाम में विधिवत पूजा–अर्चना कर श्वेत ध्वज फहराया गया और गुरु घासीदास बाबा जी के आदशोर्ं को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद कोंडागांव के अध्यक्ष नरपति पटेल उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष जसकेतु उसेंडी एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग ने सहभागिता की। अतिथियों ने गुरु घासीदास बाबा के सामाजिक समता और मानवता के संदेश पर प्रकाश डाला। आयोजन में महिलाओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली, जिनमें गायत्री मारकंडे, सुनीता टंडन, मूंगा टंडन, सुनीता मारकंडे, सुकमती कुर्रे, ज्योति बंजारे, फुलकुंवर मारकंडे, धीरजा, बैसाखीन सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं शामिल रहीं। गुरु पर्व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान संयोजक लखमू राम टंडन द्वारा की गई। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी सहयोगियों एवं समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए गुरु घासीदास बाबा जी के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।



### इनकी रही उपस्थिति

गुरु पर्व आयोजन में सर्व समाज के जिला एवं नगर स्तर के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। सी.एल. मेश्राम, नीलकंठ शार्दुल, एम.डी. बघेल, नरेंद्र देवांगन, बंगाराम सोरी, प्रेम सिंह नाग, तरुण नाग, पंचराम टंडन, धंसराज टंडन जिला अध्यक्ष सर्व समाज, गणेश कौशले, गुरु चरण मारकंडे, प्रेम डहरिया, नरेंद्र मारकंडे, संदीप गायकवाड़ खग्गुराम बंजारे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# परेंबानगांव में प्रो-कबड्डी, रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

■ कोरर ने जीती कबड्डी स्पर्धा

ब्लॉक के ग्राम परेंबानगाँव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महिला समूह द्वारा जनपद सदस्य लीलावती नेताम के नेतृत्व में दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता एवं एक दिवसीय रात्रिकालीन जिला स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसका समापन बुधवार को किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए।

कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 30 दिसंबर की सुबह हुआ। 31 दिसंबर बुधवार की शाम समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम शामिल हुए। कबड्डी प्रतियोगिता में फाइनल मैच नारायणपुर और कोरर भानुप्रतापपुर टीम के मध्य खेला गया। जिसमें करोर की महिला टीम ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता के समापन के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र, फरसगांव भाजपा मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### विजेता, उपविजेता

विजेता टीम कोरर को प्रथम पुरस्कार 10000 हजार रुपए में साथ ट्राफी एवं द्वितीय पुरस्कार नारायणपुर की टीम को 5000 एवं ट्रॉफी दिया गया। साथ ही बेस्ट रेडर 1000, बेस्ट डिफेंडर 1000 रुपये को दिया गया। जिसके बाद बुधवार को रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। डीजे डांस प्रतियोगिता में सामूहिक में प्रथम पुरस्कार 5000 एवं द्वितीय पुरस्कार 2500 दिया गया। युगल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 3000, द्वितीय पुरस्कार 1500 और एकल नृत्य में प्रथम पुरस्कार 2000 एवं द्वितीय पुरस्कार 1000 दिया गया ।

# यातायात नियमों का उल्लंघन, 14 चालकों पर हुई कार्रवाई

**कांकेर**। शहर में पेट्रोलिंग बढ़ाकर शराबियों, नशेड़ी, गजेड़ियो, अवैध शराब, नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले असामाजिक तत्वो पर निगरानी रखने एवं जुआ-सट्टा पर आवश्यक कार्यवाही कर शहर में निरंतर पुलिसिंग गस्त कार्यवाही कर असामाजिक तत्वों एवं अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस थाना कांकेर द्वारा लगातार नागरिकों से संपर्क स्थापित कर शहर में पेट्रोलिंग के दौरान वैधानिक कार्यवाही किया गया।



यतायात नियमों का उल्लंघन करने वाले और शराब पीकर वाहन चलाने वाले 14 लोगो के विरूध प्रतिबंधात्मक धारा में इस्तगाशा तैयार कर न्यायालय पेश किया गया। आरोपी चालकों के खिलाफ एमव्ही एक्ट कि धारा 185 के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया। कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में उपनिरीक्षक दयालुराम साहू, सउनि सोमेन्द्र सिंह, प्रआर शिव बेसरे, मप्रआर हितेश्वरी चेलक एवं पेट्रोलिंग टीम आरक्षक रोशन राठौर, शिव नेताम, राजकुमार, नेताम, रामप्रसाद साहू की भूमिका रही।

## नौ दिनों तक पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का रहा रोमांच

# फाइनल मुकाबले में पिटीसपाल ने उलेरा को हराकर जीती ट्रॉफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ उलेरा क्रिकेट स्पर्धा का रोमांचक समापन

■ 32 टीमों ने लिया हिस्सा खेलभावना का दिखा शानदार उदाहरण

कोंडागांव जिले के विकासखंड माकड़ी अंतर्गत ग्राम पंचायत उलेरा के स्कूल पारा मैदान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शीतकालीन अवसर पर पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 22 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कुल 9 दिनों तक चली। जिसमें क्षेत्र की 32 टीमों ने भाग लेकर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले से पूर्व पूजा–अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। फाइनल मैच पिटीसपाल एवं उलेरा टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पिटीसपाल के कप्तान मानकु नेताम ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। उलेरा की टीम ने निर्धारित 7 ओवरों में 3 विकेट खोकर 84 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पिटीसपाल की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया और 6 ओवर में ही 2 विकेट के नुकसान पर 3 गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली। दोनों छोर से चौकों–छक्कों की बरसात ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में क्रिकेट समिति अध्यक्ष सत्यप्रकाश मरकाम, उपाध्यक्ष सुरज मरकाम, कोषाध्यक्ष मनोज मरकाम, सचिव अजय मरकाम सहित समिति के सदस्य राजुराम, हिरासिंह, नरसिंह, सोभसिंह, बालसिंह, गोपाल, दिलीप, हरिश, सुनील, बसंत, विजय का सराहनीय योगदान रहा।



### विजेता और उपविजेता टीम को मिला पुरस्कार

प्रतियोगिता में विजेता टीम पिटीसपाल को चमचमाती ट्रॉफी के साथ 15,000 रुपए नकद पुरस्कार, उपविजेता टीम उलेरा को ट्रॉफी सहित 7,000 रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली हाडीगांव टीम को 3,000 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

### जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

मुख्य अतिथि सरपंच फुलसिंह मरकाम ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी टीमों ने खेलभावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। भविष्य में भी इसी प्रकार खेल के माध्यम से गांव का नाम रोशन करें।

### बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरपंच फुलसिंह मरकाम उलेरा, जनपद सदस्य गायत्री नेताम, उपसरपंच गुद्दराम नेताम, कोसाहरदुली सरपंच बालसिंह मंडावी, वार्ड पंच राधे मरकाम, धनीराम मरकाम, सताऊराम मरकाम, घासीराम मरकाम पटेल, रामदेव मरकाम, नाड़ी राम मरकाम पुजारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बेकाबू अज्ञात बोलेरो ने बाइक-स्कूटी को मारी टक्कर, दो घायलों में एक है गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नए साल की खुशियां अभी शुरू ही हुई थीं कि बारदेवरी–शीतलापारा मार्ग पर तेज रफ्तार ने खून से सनी शाम में तब्दील कर दी। बाबा राईस मिल के सामने एक सफेद बोलेरो के लापरवाह चालक ने पहले बाइक सवारों को टक्कर मारी और फिर स्कूटी को चपेट में लेते हुए माकड़ी की ओर फरार हो गया। इस हादसे में बाइक सवार दो लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार 1 जनवरी गुरूवार की शाम करीब सवा 6 बजे बारदेवरी से शीतलापारा मार्ग पर स्थित बाबा राईस मिल के सामने यह दुर्घटना हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सफेद रंग की बोलेरो अत्यधिक तेज रफ्तार में थी। पहले उसने बाइक को टक्कर मारी और संतुलन संभलने से पहले ही सामने से आ रही एक स्कूटी को भी अपनी चपेट में ले लिया। बाइक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार युवक सड़क पर जा गिरे। बाइक चला रहे मनकेशरी निवासी विनोद देवांगन को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि उनके पीछे बैठे साथी को मामूली चोट लगी है, वहीं स्कूटी सवार को ज्यादा चोट नहीं आई, जिसके चलते वह अपने घर चला गया। इस मार्ग के जर्जर होने के कारण हादसे होते रहते है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मार्ग शाम के समय अपेक्षाकृत सूना रहता है, जिससे तेज रफ्तार वाहन चालक लापरवाही बरतते हैं। लोगों ने पुलिस से फरार बोलेरो चालक की जल्द पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। नववर्ष के पहले ही दिन हुई इस घटना ने सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार के खतरे पर फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

### राइस मिल संचालक ने दिखाई मानवता

प्रत्यक्षदर्शी बाबा राईस मिल के संचालक शब्बीर ने बताया कि बोलेरो चालक बहुत तेज और लापरवाही से वाहन चला रहा था और घटना के बाद बोलेरो चालक बिना रुके मौके से फरार हो गया। हादसे के तुरंत बाद उन्होंने मानवीय पहल करते हुए राईस मिल में खड़ी पिकअप वाहन से दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।



## खबर संक्षेप

### विद्यालय में कराया न्यौता भोज



**घाटलोहंगा।** सम्मी साहजन ने अपने पुत्र मोहम्मद सोहरयार के जन्मदिन के अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला घाटलोहंगा में न्यौता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया और बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन को लेकर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण रहा।

### नए साल की विदाई पर बड़ा हादसा टला



घाटलोहंगा। 2025 की विदाई और नए साल 2026 के आगमन की खुशियों के बीच बुधवार देर रात करीब 12 बजे एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। जगदलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदालगांव के समीप पुलिया के पास तेज रफ्तार खाली ट्रक पुल से टकरा गया और खाई में गिरते-गिरते बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही खाली ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचयू 7363 तेज गति में था। देर रात पुलिया के पास चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे ट्रक सीधे पुल को ठोकर मारते हुए सड़क किनारे खाई की ओर जा फिसला। गनीमत रही की ट्रक पूरी तरह खाई में नहीं गिरा, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## निधन

### शंभुनाथ उमरवैश्य



**जगदलपुर।** नगर के होटल व्यवसायी शंभुनाथ उमरवैश्य का बुधवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मुक्तिधाम के लिए गुरुवार को पावर हाउस चौक से निकली। वे सुरेश, रमेश उमरवैश्य के बडे भाई थे।

### वीरकौर



**जगदलपुर।** राजबाड़ा परिसर निवासी सिख समाज की वयोवृद्ध सदस्या वीरकौर का 100 वर्ष की आयु में रात को निधन हो गया। वे निशान सिंग (मुन्ना भैया) एवं मंजीत सिंग की माता थी। उनकी अंतिम यात्रा कल सुबह 11 बजे दामोदर पेट्रोल पंप के पास स्थित निवास से मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

### दिलीप राय

**जगदलपुर।** महारानी वार्ड निवासी दिलीप राय का आकस्मिक निधन हो गया। वे कु छ दिनों से बिमार थे। बंगीय समाज के अध्यक्ष तथा पूर्व पार्षद मनोरंजन राय के छोटे भाई थे। गुरूवार को मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वे पत्नी, पुत्र, पुत्री, भाई, बहनों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रारंभ करने युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा



शिक्षक भर्ती 2023 के अंतर्गत सहायक शिक्षक के 2300 से अधिक रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने की मांग को लेकर बुधवार को जिला युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आर्यन चौहान ने बताया कि शिक्षक भर्ती 2023 में सहायक शिक्षकों के 2300 से अधिक पद लंबे समय से रिक्त हैं। इन पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराने हेतु आज कलेक्टर के माध्यम से शासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक 3052/2025, 3999/2025 एवं 3946/2025 में 26 सितंबर 2025 को आदेश पारित किया गया है। जिसमें शिक्षक भर्ती 2023 के अंतर्गत सहायक शिक्षक पदों पर रिक्त पदों की नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने तथा संपूर्ण प्रक्रिया दो माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थी पिछले लगभग दो वर्षों से योग्य होने के बावजूद नियुक्ति से वंचित हैं। अपने अधिकारों के लिए अभ्यर्थियों ने कठिन संघर्ष किया और आर्थिक तंगी के बावजूद उच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर कीं। न्यायालय ने अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके पक्ष में निर्णय दिया है। उन्होंने आगे कहा कि सरकारी नौकरी पाना प्रत्येक बेरोजगार अभ्यर्थी का सपना होता है। यह भर्ती न केवल उनके भविष्य बल्कि सामाजिक प्रतिष्ठा से भी जुड़ी हुई है। कई अभ्यर्थी आयु सीमा के अंतिम चरण में हैं, ऐसे में यह भर्ती उनके लिए अंतिम अवसर साबित हो सकती है। युवा कांग्रेस ने मांग की है कि उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पारित आदेश का पालन करते हुए शिक्षक भर्ती 2023 के अंतर्गत सहायक शिक्षक के समस्त 2300 रिक्त पदों पर 1:3 के अनुपात में नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए।

### पुनर्वासितों के पुनर्वास की दिशा में बड़ी पहल

# लाइवलीहुड कॉलेज में कौशल प्रशिक्षण के बाद वेलकम किट व टूल किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

राज्य शासन एवं जिला प्रशासन की पुनर्वास नीति के अंतर्गत पुनर्वासितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दंतेवाड़ा जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, दंतेवाड़ा में हिंसा का रास्ता छोड़ समाज की मुख्यधारा में शामिल होने वाले पुनर्वासितों के लिए रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

इस क्रम में आज लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में वेलकम किट एवं टूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 147 पुनर्वासितों को आवश्यक टूल किट प्रदान की गई, जिससे वे स्वरोजगार अपनाकर सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें। प्रशिक्षणार्थियों को इलेक्ट्रिशियन, सिलाई, वेल्डिंग, प्लंबिंग, सोलर पैनल ऑपरेटर सहित अन्य तकनीकी एवं आजीविका आधारित ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत

■ सिलाई, वेल्डिंग, प्लंबिंग, सोलर पैनल ऑपरेटर व अन्य तकनीकी का दिया गया प्रशिक्षण



संबंधित ट्रेड्स की टूल किट प्रदान की गई, ताकि वे अपने कौशल का व्यावहारिक उपयोग कर सकें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी रहे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम विशिष्ट अतिथि, प्रभारी अधिकारी लाइवलीहुड राजीव कुजूर, सहायक संचालक कौशल विकास, अमित वर्मा, प्राचार्य लाइवलीहुड हरीश सिन्हा, डीएसपी नसर उल्ला सिद्दीकी, डीएसपी विशाल कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को वेलकम किट एवं टूल किट का वितरण किया गया।

### स्थानीय भाषा में संवाद, विश्वास बहाली पर जोर

विधायक चैतराम अटामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुनर्वासितों को बधाई दी और उनके सामान्य जीवन में लौटने को सराहनीय कदम बताया। विधायक ने स्थानीय गोंडी भाषा में संवाद कर प्रशिक्षणार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया, जिससे विश्वास और सहभागिता को मजबूती मिली। पुलिस अधीक्षकगौरव रॉय ने प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रदान की जाने वाली 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि की जानकारी देते हुए कहा कि जिला एवं पुलिस प्रशासन पुनर्वासितों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से इस राशि का सदुपयोग कर स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया। वहीं जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने प्रशिक्षणार्थियों को पर्यटन क्षेत्र एवं स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दंतेवाड़ा एवं रायपुर भ्रमण कार्यक्रम की जानकारी दी तथा आगामी वर्ष आयोजित होने वाले दंतेवाड़ा स्टार्टअप हंट में भाग लेकर व्यवसाय प्रारंभ करने की सलाह दी। जिला प्रशासन द्वारा दुकान संचालन हेतु सहयोग प्रदान किए जाने की भी जानकारी दी गई। प्रशासन का उद्देश्य पुनर्वासितों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना तथा क्षेत्र में स्थायी शांति, विकास और विश्वास बहाली सुनिश्चित करना है। यह पहल बस्तर अंचल में सामाजिक समरसता और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# आजीविका डबरी छोटे किसानों की आत्मनिर्भरता की नई राह



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका संवर्धन को नई दिशा देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत आजीविका डबरी निर्माण कार्यों को प्राथमिकता से स्वीकृत किया जा रहा है। जिला प्रशासन की पहल पर लगभग 1000 आजीविका डबरी स्वीकृत किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 2025-26 में कुल 9 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से 431 आजीविका डबरी स्वीकृत की जा चुकी हैं।

■ रेन धर राणा को मछली पालन से 50 हजार की आमदनी

इन डबरियों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा का विस्तार हो रहा है साथ ही जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को भी बढ़ावा मिला है। इससे किसानों को विभिन्न आजीविका गतिविधियों जैसे -सिंचाई, बागवानी एवं मत्स्य पालन के माध्यम से अतिरिक्त आमदनी का अवसर भी प्राप्त हो रहा है। ग्राम पंचायत गंगालूर के किसान रैनधर राणा ने आजीविका डबरी का उपयोग कर प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की है। उन्होंने अपनी डबरी में मत्स्य पालन कर लगभग 50 हजार रुपए की अतिरिक्त आय अर्जित की है। साथ ही 1 एकड़ कृषि भूमि में लगभग 25 नग मिश्रित फलदार पौधों का रोपण किया है, जिनमें आम एवं अमरूद प्रमुख हैं। तकनीकी सहायक तोरण लाल उर्वशा ने बताया कि रैनधर राणा द्वारा वर्ष 2021-22 में 1 लाख 60 हजार रुपए की लागत से निर्मित यह डबरी उनकी आय वृद्धि और आत्मनिर्भरता का प्रमुख आधार बन चुकी है।

उक्त डबरी 20 मीटर लंबाई, 20 मीटर चौड़ाई एवं 2.5 मीटर गहराई मापदंड से बनाई गई है। वर्तमान में मत्स्य पालन एवं आजीविका संवर्धन को ध्यान में रखते हुए 3 मीटर गहराई से डबरी निर्माण किए जा रहे हैं। रोजगार सहायक प्रताप सेमल ने बताया कि इस कार्य में कुल 800 मानव दिवस सृजित हुए।

# कागजी विकास की चकाचौंध में दम तोड़ता दंतेवाड़ा का पशुधन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

गौ पालक संघ के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी सरकारी योजना की सार्थकता फाइलों की चमक से नहीं, बल्कि धरातल पर उसके प्रभाव से मापी जाती है। लेकिन दंतेवाड़ा जिले का पशु चिकित्सा विभाग आज अपनी विफलताओं और व्यापक भ्रष्टाचार के कारण जिस तरह से सुर्खियों में है, वह शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े करता है। गौ पालन, मुर्गी पालन और बकरी पालन अंडा उत्पादन जैसी करोड़ों की योजनाएं आखिर गई कहां, क्या ये योजनाएं ग्रामीणों के उत्थान के लिए थीं या विभागीय अधिकारियों की तिजोरियाँ भरने के लिए। आज प्रशासन के सामने टेकनार और क्षीर सागर बर्बादी की दो बड़ी गवाहियां सामने है। जिले के टेकनार गौ संवर्धन एवं शोध केंद्र की वर्तमान स्थिति प्रशासनिक उदासीनता का सबसे बड़ा उदाहरण है। जब शोध केंद्र के संचालक गायों के भोजन की व्यवस्था न होने के कारण हाथ खड़े कर देते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि गौ-सेवा के नाम पर केवल दिखावा हो रहा है। वहीं क्षीर सागर दुग्ध सहकारी समिति जो कभी किसानों की उम्मीद थी,आज विभागीय स्वार्थ के चलते कंडम मशीनों का ढेर बनकर रह गई है। भंडारण की सुविधा न होने के कारण किसानों का दूध न खरीदा जाना उनकी आर्थिक कमर तोड़ने जैसा है। उन्होंने कहा कि जिस जिले में पशुपालन को बढ़ावा देने के दावे किए जाते हैं, वहां के पशु अस्पतालों में घावों पर लगाने वाला साधारण पाउडर तक उपलब्ध नहीं है। जीवन रक्षक दवाओं के अभाव में पशु दम तोड़ रहे हैं, और किसान अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। जिला प्रशासन की सबसे बड़ी विफलता यह रही है कि उसने कभी किसानों के बीच बैठकर उनकी वास्तविक समस्याओं को सुनने की जहमत नहीं उठाई। ए सी कमरों में बैठकर बनाई गई रणनीतियां कभी गोबर और मिट्टी से जुड़े किसान का भला नहीं कर सकतीं। ऐसी हालत पर गौ पालक संघ की चेतावनी है की अब याचना नहीं, रण होगा। प्रशासन को यह समझना होगा कि किसानों का धैर्य अब जवाब दे रहा है। यदि समय रहते टेकनार और क्षीर सागर जैसी संस्थाओं का उद्धार नहीं किया गया और भ्रष्टाचार की जांच नहीं हुई तो गौ पालक संघ का सड़कों पर उतरना तय है। बेजुबान पशुओं के साथ सड़कों पर होने वाला यह विरोध प्रदर्शन न केवल प्रशासन के लिए चुनौती बनेगा, बल्कि सत्तासीन नेताओं के लिए भी जवाब देना मुश्किल कर देगा। प्रशासन को कागजी आंकड़ों से बाहर निकलकर धरातल पर झांकने की जरूरत है। किसानों के बीच बैठकर संवाद की पहल ही इस संकट का एकमात्र समाधान है। अन्यथा, काले झंडे और जन-आंदोलन की गूंज दंतेवाड़ा की फिजाओं में गूंजने में देर नहीं लगेगी। समय रहते प्रशासन किसानों के साथ बैठकर उनकी समस्या का निदान की पहल करे। अन्यथा किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर होगे।



■ गौ पालक संघ की चेतावनी अब उग्र आंदोलन होगा : शर्मा

# महिला स्व-सहायता समूह कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनकी देखभाल करेंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले में सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान के अंतर्गत कुपोषण से मुक्ति के उद्देश्य से समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सखी केन्द्र दंतेवाड़ा के सभा कक्ष में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता तथा जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर उपस्थित रहीं। उनके साथ वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में कुपोषण की दर में कमी लाना तथा एनीमिक गर्भवती महिलाओं एवं कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाना है। इसके अंतर्गत गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों, संकटग्रस्त बच्चों तथा चिकित्सकीय उपचार की आवश्यकता वाली गर्भवती माताओं को विशेष समुदाय आधारित प्रयासों के माध्यम से लक्षित किया जाएगा।

■ सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान अंतर्गत समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन का शुभारंभ

अभियान के तहत सुपोषण दूत का चयन किया जाएगा, जो 70 प्रतिशत मध्यम कुपोषित एवं 30 प्रतिशत गंभीर कुपोषित बच्चों को गोद लेकर विभागीय योजनाओं एवं समुदाय के सहयोग से उनकी नियमित देखभाल करेंगे। बच्चों को सामान्य पोषण स्तर में लाने पर सुपोषण दूतों को प्रति बच्चा प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार महिला स्व-सहायता समूहों को भी कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उनकी देखभाल हेतु जोड़ा जाएगा, जिन्हें निर्धारित मानदेय के अनुसार प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कुपोषण के प्रभावी प्रबंधन हेतु जिला स्तर पर प्रबंध समिति का गठन किया गया है। साथ ही कुपोषित बच्चों को स्थानीय निधि से पोषण आहार उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक, सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान के संभागीय सलाहकार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा महिला स्व-सहायता समूहों के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।




# सड़क सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी: अटामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

जिले में 36वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ आज सिटी कोतवाली परिसर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी सहित नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, नगर पालिका उपाध्यक्ष गुप्त कैलाश मिश्रा एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि संतोष गुप्ता, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण, नागरिक उपस्थित रहे।




कार्यक्रम में विधायक चैतराम अटामी ने कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग, तेज गति से वाहन न चलाना तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसे नियमों का पालन कर हम अनेक दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने सड़क सुरक्षा माह को प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात नियमों का कड़ाई से पालन और जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा ने कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता का संदेश गांव-गांव और स्कूल स्तर तक पहुंचाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सुरक्षित यातायात से न केवल जीवन की रक्षा होती है, बल्कि सामाजिक एवं आर्थिक क्षति को भी रोका जा सकता है।

इसके लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधि और नागरिकों का सहयोग जरूरी हैं। इसके साथ ही अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी तथा नागरिकों से सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) नसर उल्ला सिद्दीकी ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मनाया जाएगा। इस दौरान जिले भर में प्रतिदिन सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# निजी मोबाइल में दबाव पूर्वक एप डाउनलोड कराना शिक्षकों की निजता का हनन : मिश्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

एक तरफ शिक्षा गुणवत्ता की बात, दूसरी तरफ शिक्षकों पर दबावपूर्वक गैर शैक्षणिक और ऑनलाइन कार्यो की भरमार है। शिक्षा विभाग शासकीय स्कूलों में लगातार प्रयोग पर प्रयोग किये जा रहा है, जिससे विभाग पर इन अनुचित प्रयोगों को लेकर आरोप लगते रहते हैं क्योंकि शिक्षकों पर दबाव डालकर इन्हें स्कूलों में लागू कराया जाता है। पर इसकी असफलताओ की जिम्मेदारी उन योजनाओं को बनाने वाले अधिकारियों पर कभी तय नही की जाती बल्कि सारा ठीकरा शिक्षकों पर फोड़ दिया जाता है।



ऐसे ही एक अनावश्यक प्रयोग पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि शिक्षा विभाग, शिक्षकों के निजी मोबाइल पर वीएसके एप डाउनलोड करने हेतु बाध्य करना, शिक्षकों की निजता का हनन है। किसी भी ऐप को डाउनलोड करने हेतु मोबाइल धारक को डाटा, कैमरा सम्बन्धी अनुमति देनी होती है। इससे उसके व्यक्तिगत संसाधन के दुरुपयोग होने की आशंका हमेशा बनी रहती है। ऐआई और डीप फेक के जमाने मे निजी मोबाइल में दबावपूर्वक वीएसके एप डाउनलोड करना उसके पारिवारिक और निजी असुरक्षा को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री, निजता के इस मामले को संज्ञान में ले और निजी मोबाइल से ई अटेंडेंस को तत्काल निरस्त करें।

शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी शैलेश सिंह ने कहा कि क्या शिक्षा विभाग को अपने मातहत अधिकारी और कर्मचारियों पर भरोसा नही हैं कि ऐसे किसी एप के जरिये निरीक्षण की आवश्यकता पड़ रही है। क्या विभाग सीएससी, संकुल प्राचार्य, संस्था प्रमुख, बीआरसी, एबीईओ और बीईओ जैसे महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए लोगों को विभाग अपने दायित्वों से विमुख मान बैठी है। जिसके कारण उन्हें एप के जरिये निगरानी की आवश्यकता हो रही है। इस अनावश्यक प्रयोग को तत्काल बन्द करना चाहिए।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 2282/ब-121/2025-26

// उद्घोषणा //

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सहादेव पिता मासो जाति गोंड ग्राम पोलेबेड़ा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. मासो निवासी ग्राम पोलेबेड़ा तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. मासो पिता स्व. सोनु ग्राम पोलेबेड़ा का दिनांक 17/11/2023 को मृत्यु हुई है। आवेदक सहादेव पिता मासो जाति गोंड ग्राम पोलेबेड़ा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. मासो का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 02/01/2026 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 19/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

# नए साल में लोगों के साथ पर्यटक भी ले रहे एडवेंचर स्पोर्ट्स का मजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहर के निकट स्थित लामनी पार्क का एडवेंचर पार्क को गुरूवार को नए साल में शुरू किया गया। एडवेंचर पार्क में एडवेंचर स्पोर्ट्स लोकप्रिय हो रहे हैं और लोग इनका लुत्फ उठा रहे हैं। साहसिक खेल पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। खतरनाक और रोमांचकारी पर्यटन से रूबरू होने के लिए लोग मजा लेने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। लामनी पार्कसाहसिक पर्यटन का केन्द्र बनेगा, यहां वर्मा ब्रिज, टायर क्रासिंग, कमाण्डो नेट, वॉल क्लाइबिंग, जिप लाईन, टायर नेट, नेट क्रासिंग, पटियाला ब्रिज, लेडर क्रासिंग एवं आब्सटेकल गेम आदि में लोग मजा ले रहे हैं। लोगों को सुविधा देखने पार्क में परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा, पार्क के प्रभारी रूकमणी नाग आदि पहुंचे। बताया जा रहा है कि बस्तर अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है, यहां की सुंदरता को निहारने के लिए देश और विदेश से लोग आते हैं। बस्तर में आने वाले पर्यटकों को लुभाने के लिए जगदलपुर शहर से थोड़ी दूर पर लामनी पार्क वन विभाग ने डेवलप किया। प्राकृतिक रुप से डेवलप किए गए पार्क की सुंदरता को निहारने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।

## एडवेंचर स्पोर्ट्स लोकप्रिय हो रहे हैं और लोग इनका लुत्फ उठा रहे





### स्व-सहायता समूह को दी जिम्मेदारी

वन विभाग के एसडीओ देवलाल दुग्गा ने बताया कि लोगों एवं पर्यटकों को सुविधा एवं एडवेंचर स्पोर्ट्स का मजा लेने के लिए एडवेंचर पार्क शुरू किया गया। एडवेंचर पार्क को स्व-सहायता समूह की महिलाओं को जिम्मेदारी दी गई है।

## बस्तर संभाग का पहला पर्यटन स्थल जहां युवाओं ने की नशाबंदी पर पहल

# पर्यटन केंद्र तिरिया में नशा पर प्रतिबंध, पीने पर 5 हजार का जुर्माना, डीजे बजाने पर भी मनाही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर जिले का तिरिया वनग्राम एक निर्णय से सुर्खियों में है। यहां बम्बू राफ्टिंग से पूरा गांव सामूहिक रूप से रोजगार के रूप में कमाई कर रहा है। युवाओं की टीम में युवतियां भी शामिल हैं। शबरी नदी के किनारे डण्डा हाथ में लिए लोगों को गहरे पानी में न जाने के लिए सचेत करते नजर आते हैं। रोजाना यहां बड़ी संख्या में बस्तर के अलावा ओड़िसा और छत्तीसगढ़ के दूर दराज से लोग हरे भरे वादियों में स्थित पर्यटन केंद्र का आनंद लेने परिवार और दोस्तों के साथ पहुंच रहे हैं। प्रवेश द्वार पर गेट में प्रति व्यक्ति 20 रूपये शुल्क की रसीद काटी जाती है। वहीं पर बड़े बड़े अक्षरों में लिखा है किसी भी तरह का नशा करने पर 5 हजार जुर्माना लगेगा। वहीं पूरे क्षेत्र में पेड़ो में भी यह सूचना चस्पा की गई है। साथ ही कानफोड़ु आवाज को रोकने के लिए डीजे पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। लोग टेप रिर्काडर और मोबाईल से गीत संगीत का आंनद ले सकते हैं। नाच गाने करते हुए लोग नजर आए। आमतौर पर साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को युवाओं का दल नशापान के लिए पर्यटन केंद्र अथवा अन्य दर्शनीय स्थलों पर जाते हैं। लेकिन तिरिया में कहीं पर भी नशापान करता कोई नजर नहीं आया। गांव के युवाओं की समिति लगातार घुमकर व्यवस्था को सुचारू बनाने में सक्रिय दिखे। वहीं नानगुर थाना के पुलिस के जवान यहां नजर आए। बताया गया कि शबरी नदी इस स्थल पर 50 से 60 फीट तक गहरी है इसलिए लोगों को नदी किनारे गहराई में जाने से मना किया जाता है।


### प्राकृतिक रहवास में भोजन पकाने की सुविधा

वाहनों के पार्किंग के पास ही पर्यटकों के लिए छोटे छोटे लकड़ी और घासफूस से बने प्राकृतिक रहवास बनाया गया है। जहां लोग परिवार और दोस्तों के साथ भोजन पकाकर दिनभर का आनंद ले सकते हैं। यहां बर्तन भी किराया पर उपलब्ध है। जो समिति द्वारा 50 से 100 रूपये के मामूली दाम पर मिल जाती है।

### कुरंदी से तिरिया तक का मार्ग जर्जर

बाईक और चारपहिया वाहन से कुरंदी गांव होकर वनग्राम तिरिया पहुंचा जा सकता है। कुरंदी तक का मार्ग ठीक है लेकिन तिरिया तक लगभग 15 किलोमीटर तक का मार्ग संकरा और जर्जर है। जहां आने जाने वालों को सावधानी रखनी पड़ती है। ग्रामीणों के अनुसार पक्की सड़क बने ज्यादा समय नहीं हुआ है। घटिया काम के चलते सड़क की हालत खस्ता हो गई है। इस मार्ग पर घने जंगल और सन्नाटा होने से आवागमन कम है। आटो और अन्य वाहनों की भी सुविधा नहीं है। लोग अपने साधन से यहां पहुंचते हैं।

## पूरा गांव सामूहिक रूप से पर्यटन से पा रहा रोजगार












### नशा पर प्रतिबंध से गांव भी सुधर रहा

ग्रामीणों के अनुसार 5 हजार का जुर्माना सोच समझ कर तय किया गया है। ताकि शहर की पाश्चात्य संस्कृति का असर इस वनग्राम तक ना पहुंचे। गांव में भी लोग शराब सेवन से तौबा करने लगे हैं। इसमें युवाओं की पहल की सराहना हो रही है।

# सरप्लस बिजली वाले राज्य में गरीबों के कनेक्शन कटे : समीर

**जगदलपुर।** सरप्लस बिजली उत्पादन वाले राज्य में आम जनता के साथ हो रहे कथित अन्याय को लेकर आम आदमी पार्टी ने राज्य सरकार और बिजली विभाग पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पार्टी का आरोप है कि जहां एक ओर स्मार्ट मीटर के जरिए गरीब और मध्यम वर्ग के कनेक्शन बिना पर्याप्त समय दिए काटे जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर पूंजीपतियों और सरकारी विभागों के करोड़ों रुपये के बकाया पर कोई सख्ती नहीं की जा रही। यह स्थिति न केवल सरकार के नैतिक दायित्व पर प्रश्नचिह्न लगाती है,बल्कि बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को भी कठघरे में खड़ा करती है। आरोपों के अनुसार वर्षों से चल रही आपातकालीन कार्यों और नए कनेक्शनों की निविदा प्रक्रिया में अचानक बदलाव कर नियमों को जटिल व अव्यवहारिक बनाया गया है। विभाग द्वारा स्वयं दरें तय कर +5 से –5 के दायरे में टेंडर सीमित कर दिए गए, जबकि पूर्व में यही कार्य ऑनलाइन निविदाओं में –25 से –30 प्रतिशत तक पर होते थे। इससे न केवल विभाग को आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि गिने-चुने ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाने की बात भी सामने आ रही है। बिजली विभाग पर यह भी आरोप है कि वह घाटे का हवाला देकर जनता को मिलने वाली सब्सिडी समाप्त कर रहा है, जबकि वास्तविकता यह है कि बड़े बकायेदारों से राशि वसूलने में उसकी लापरवाही ही घाटे का प्रमुख कारण है। कुछ सौ रुपये के बकाया पर गरीब परिवारों को अंधेरे में रहने को मजबूर करना और वहीं हजारों करोड़ के बकाये पर चुप्पी साधे रखना, सरकार की प्राथमिकताओं को स्पष्ट दर्शाता है।

इस पूरे मामले में आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि जनविरोधी निर्णयों को वापस नहीं लिया गया और ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने वाली निविदा प्रक्रिया में सुधार नहीं किया गया, तो बस्तर संभाग में बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।



■ आपातकालीन व नए कनेक्शन के टेंडर नियम बदले निविदा दर तय कर गिने-चुने ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का आरोप

# महिलाओं ने हरे रामा-हरे कृष्णा की धुन पर किया भजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बचेली

उत्तरप्रदेश–बिहार सांस्कृतिक एवं सामाजिक कल्याण समिति ने बचेली में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य भंडारे का आयोजन किया गया।

अध्यक्ष अजय कुमार बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा प्रत्येक माह के प्रत्येक मंगलवार को रामायण पाठ का आयोजन किया जाता है, जिसका समापन वर्ष के दिसंबर माह के अंतिम बुधवार को विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन के साथ किया गया। तत्पश्चात समिति द्वारा सार्वजनिक भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और प्रसाद व भंडारे का भोग ग्रहण किया।

कार्यक्रम मंगलवार को सायं 4 बजे प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम समिति की रामायण मंडली द्वारा शेष दोहों का पाठ एवं हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसके पश्चात सायं 7 बजे से समिति की महिला भजन मंडली द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जो रात्रि 10 बजे तक चला। इसके तुरंत बाद बंगाली कैंप, 1 नंबर, वार्ड क्रमांक 15 की महिलाओं द्वारा हरे रामा–हरे कृष्णा की धुन पर भजन प्रस्तुत किए गए, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर समिति की ओर से सभी भक्तों के लिए रात्रि भोज की व्यवस्था की गई। दूसरे दिन बुधवार को अपराह्न 1 बजे हवन-पूजन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इसके पश्चात भंडारे का आयोजन प्रारंभ हुआ, जो सायं 4 बजे तक चला। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अजय कुमार बंसल सहित संतोष दुबे, कमलेश दुबे, संजय सिंह, महेन्द्र केसरी, अक्षय लाल, रंजीत सिंह, अतुल सिंह चौहान एवं अन्य सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।





# ट्राईब्रेकर में आड़ावाल ने 4-2 से फुटबाल एकेडमी को हराकर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

ईबीए मिशन ग्राउंड में बुधवार को फाइनल मुकाबला आड़ावाल विरुद्ध फुटबॉल एकेडमी के मध्य खेला गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज मुख्य अतिथि ने विजेता व उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। पहला गोल फुटबाल एकेडमी के अमित के द्वारा 16वें मिनट में किया गया। हॉफ टाइम तक स्कोर 1-0 रहा। 38 वें मिनट में आड़ावाल के खिलाड़ी ने गोल कर स्कोर बराबर पर कर दिया। मैच समाप्त होने तक दोनों का स्कोर 1-1 कि बराबरी पर रहा। ट्राइब्रेकर से फैसला हुआ। जिसमें आड़ावाल ने 4-2 से फुटबाल एकेडमी को पराजित कर क्रिसमस ट्रॉफी मुकाबला अपने नाम कर लिया। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार राशि दीपक बैज और विजेता ट्रॉफी चिंतामणि नायक कि स्मृति में राजू नायक ने दिया।

■ पूरे मैच में दोनों टीम 1–1 गोल बनाकर बराबरी पर रहे

द्वितीय पुरस्कार यूथ कांग्रेस के शहर अध्यक्ष निकेत राज झा ने 10000 प्रदान की। उपविजेता ट्राफी मोसेस क्रिस्टोफर कि स्मृति में उनके बेटे लक्की क्रिस्टोफर द्वारा प्रदान की गई।

विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रेखचंद जैन, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र पटवा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी महिला लता निषाद, कविता साहू, पार्षद शुभम यदु, जाहिद हुसैन, अफरोज बेगम, ज्योस्टीन भवानी, सुषमा सुता, ललिता राव एस नीला, मनिता राउत जोगी कांग्रेस के संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद उपस्थित रहे।

मदर टेरेसा फुटबॉल क्लब के संरक्षक कांतो पानी, यशवर्धन राव, गौर नाथ नाग, विजय शील सुता काल्विन जॉन, मदर टेरेसा फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष सूर्या पानी, सचिव जॉर्डन सामंत, कोषाध्यक्ष सूरज बीसई एवं कार्यकारणी सदस्य राज किशोर हारून, राहुल लाल, विक्की निषाद, शैलेन्द्र कश्यप, गैब्रिएल नाथ ,राहुल पानी आंद्रियास, दानियाल तारा, सुलेमान का योगदान रहा।

### कर्मचारियों का सम्मान

निगम के कर्मचारियों का सम्मान किया गया। जिसमें विद्युत विभाग के प्रभारी अरविन्द वासु, सहायक राजेंद्र साव जलप्रदाय शाखा से प्रधान, दयाशंकर, लिमसर सहित सफाई कर्मी रोशन नाग , संजू भारती, अच्युत, बलवीर एवं वाहन चालक सुखदास को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप

### आमागुड़ा के वार्षिक मेला में शामिल हुए विजित देव



**जगदलपुर।** सुकमा जमीदार परिवार के सदस्य कुमार विजित देव ने आमागुड़ा में वार्षिक मेला उत्सव में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उन्होंने दियारी त्यौहार की क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं भी दी। सोमवार को मेला और मंगलवार को जात्रा सम्पन्न हुआ। जिसमे आस पास के कई गावों के देवी देवता के साथ लोगों का हुजूम उमड़ा। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरषोत्तम कश्यप, संरपच, पंच, राजेश श्रीवास्तव योगेश ठाकुर, अभय दिक्षित, रघु सेठिया और राधेश्याम पेंन्द्रे शामिल रहे।

### आत्मसमर्पित 150 नक्सलियों के लिए 75 लाख स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु जिले के कुल 150 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 75 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति दी गई है।

### गणित को हल करने का बता रहे सरल तरीके

**कांकेर।** विकासखंड नरहरपुर के सरोना क्षेत्र के 25 गांवों में हमारा गांव कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव के सभी बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना तथा समुदाय को शिक्षा से सक्रिय रूप से जोड़ना है। इसके तहत तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों में गणितीय कौशल को मजबूत करने के लिए गांव स्तर पर स्वयंसेवकों को तैयार किया गया है। बच्चों को संख्या पहचान एवं जोड़, घटाव, गुणा, भाग जैसी बुनियादी गणितीय संक्रियाओं को सरल ढंग से हल करना सिखाएंगे। प्रशिक्षण में कमल किशोर सिन्हा, हेमेंद्र पंमार, राकेश नेताम, राजेंद्र निषाद, बालमुकुंद साहू, मैनुद्दीन खान, नविता यादव, प्रियंका साहू एवं चंद्रप्रभा साहू शामिल है।

### युवक ने खुदकुशी की, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 116 निवासी 27 वर्षीय सोम कुमार नेताम ने शासकीय आवास कॉलेज कालोनी में फांसी लगा लिया। पीव्ही 116 निवासी 62 वर्षीय बुधुराम नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 31 दिसंबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक ने फांसी किस कारणों से लगाया यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बरकई में दो दिवसीय वार्षिक देवमेला 4 को

**सरोना।** तहसील सरोना के अंतर्गत के ग्राम बरकई में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिक देवमेला का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। यह दो दिवसीय देवमेला 4 जनवरी रविवार से प्रारंभ होगा। ग्रामीणों में देवमेला को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## अंतिम दिन ही सौंपे गए पीपीओ और जीपीओ, सीईओ ने कहा- आपका अनुभव समाज के लिए अमूल्य

# 11 सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को मिली भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



बस्तर जिला प्रशासन ने वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसम्बर को कलेक्टोरेट स्थित आस्था कक्ष में आयोजित एक गरिमामय समारोह में बस्तर जिला अंतर्गत विभिन्न विभागों में कार्यरत रहे अपने 11 सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी। कलेक्टर हरिस एस. के निर्देशानुसार प्रशासन ने संवेदनशीलता और सुशासन का परिचय देते हुए सभी सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के दिन ही पेंशन भुगतान आदेश, ग्रेच्युटी भुगतान आदेश और भविष्य निधि भुगतान आदेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल, श्रीफल और पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीयता के साथ सम्मानित किया। प्रशासन की तत्परता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विदाई की बेला में ही कर्मचारियों के हाथों में उनके पेंशन भुगतान आदेश, ग्रेच्युटी भुगतान आदेश और भविष्य निधि भुगतान आदेश सौंप दिए गए।

सीईओ ने सेवानिवृत्त हो रहे सहयोगियों की कार्यशैली की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी शासकीय सेवा के क्षेत्र में अत्यंत अनुभवी हैं और अपने-अपने कार्यों में पूरी तरह निपुण हैं। भले ही आज आप शासकीय दायित्वों से मुक्त हो रहे हैं, लेकिन आपका संचित अनुभव समाज के लिए अमूल्य है। मेरी आप सभी से अपील है कि सेवानिवृत्ति के बाद भी आप सक्रिय रहें और अपने दीर्घकालीन अनुभवों का लाभ समाज और नई पीढ़ी को प्रदान करते रहें। उन्होंने सभी सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के स्वस्थ, सुदीर्घ और खुशहाल जीवन की कामना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

विदाई की इस बेला में प्रशासन द्वारा त्वरित गति से किए गए भुगतान और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मिले सम्मान से सेवानिवृत्त शासकीय सेवक बेहद अभिभूत और प्रसन्न नजर आए। हाथों-हाथ पेंशन और ग्रेच्युटी के आदेश प्राप्त करना उनके लिए एक सुखद अनुभव था। उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जिला प्रशासन की यह पहल बहुत ही सराहनीय और राहत भरी है, जिससे उन्हें सेवा के अंतिम दिन ही भविष्य की आर्थिक सुरक्षा मिल गई है। इस अवसर पर वरिष्ठ कोषालय अधिकारी अनिल कुमार पाठक ने पेंशनरों को मिलने वाले समस्त हितलाभों के बारे में विस्तार से बताया और बदलते दौर के साथ तालमेल बिठाने के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट की प्रक्रिया और उपयोगिता समझाई। कार्यक्रम में सहायक कोषालय अधिकारी ममता ध्रुव और नरेंद्र सिंह नाग सहित कोषालय एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के परिजन भी मौजूद रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल , 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई,
22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411